प्रातः खबर

Date : 23-Feb-16 Page : 11

नुमलीगढ़ मैराथन में सेलीब्रेटिज की उपस्थिति में धावकों ने दिखाया जलवा

गुवाहाटी, 22 फरवरी (ख.सं.)। नुमलीगढ़ मैराथन 2016 का कल भव्य आयोजन किया गया। इसका थीम रन-टू कीप फिट (दौड़ से स्वस्थ रहें) रखा गया था। मैराथन में लगभग दो हजार धावकों ने भाग लिया। इसमें राज्य के गोलाघाट, बोकाखात शहरों के अलावा देश के जाने-माने लोगों ने भी शिरकत की। आयोजन में नुमलीगढ़ रिफायनरी के कर्मचारियों व उनके परिवारजनों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में बांटा गया था। दस, पांच और तीन किलोमीटर की अलग-अलग प्रतिस्पर्धा रन फॉर फन के तहत आयोजित हुई। सड़क के किनारे दोनों ओर के खड़े लोगों ने इस दौरान जमकर धावकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को राज्य के टेबुल टेनिस खिलाड़ी व अर्जुन पुरस्कार विजेता ऑलंपियन भोगेश्वर बरुवा, राष्ट्रीय टेबुल टेनिस चैंपियन और कमलेश मेहता, भारतीय टीम के पूर्व हॉकी कोच एम आर नेगी, शाहरुख खान

के चक दे इंडिया में भाग लेने वाले मि. यूनिवर्स महादेव डेका, गिनीज रिकॉर्ड होल्डर व राज्य के लंबी दूरी के धावक अभिजीत बरुवा, पैरा ऑलंपियन राकेश बनिक, पूर्व असम रणजी ट्रॉफी कैप्टन अभिजीत बरुवा व खेल क्षेत्र के दिग्गज शामिल हुए। खिलाड़ियों की खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिये सिने जगत से वर्षा रानी विषया, प्रांजल सैकिया, पूर्णिमा पाठक भी शामिल हुए। अन्य सेलिब्रेटीज में ब्रेस्ट कैंसर पीड़िता मोनाली भारद्वाज, जयंतीमाला चक्रवर्ती और मिनोती बरठाकुर के नाम उल्लेखनीय हैं। एनआरएल के खेल मैदान में इस दौरान योग का भी प्रदर्शन किया गया। आमंत्रित अतिथियों ने पुरस्कार वितरित किये। दस किमी. की दौड़ में पुरुषों में केन्या के सेमिमन किपलोगट, पीटर नयंगीगातिया और गुवाहाटी के सौमेजोर्दान क्रमशः प्रथम से तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह महिलाओं में गुवाहाटी की मटवारा अहमद और सूर्या भानु के अलावा, दिपाली कुर्मी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। पांच किमी की दौर में गुवाहाटी के हबिबुल अहमद, ताहेर अली और जहिरुल अली के साथ महिलाओं में मिनवारा खातुन, गोलाघाट की सुमित्रा मिर्धा और असमा परवीन ने पहला से तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीन किमी. की दौर में पुरुषों के बीच डाबुलीपार के नारायण तियार, बोकाखात के हेमंत बरबोरा और लोबानघाट के आकाश सौरव के अलावा महिलाओं में नुमलीगढ़ की भवानी कछाड़ी, गोलाघाट के मैना पात्री और दैमुख की नानी मन्यों विजेता रही।